Australian Government
Department of Home Affairs

Domestic and Family Violence Visa Support

आपकी वीज़ा जाँच-सूची

☐ क्या आपको आपके वीज़ा की अवस्था के बारे में मालूम है?

आप Visa Entitlement Verification Online (VEVO) के माध्यम से ऑनलाइन अपने वीज़ा की अवस्था का पता लगा सकते/ती हैं। VEVO आपको बतायेगा कि आपके पास कौनसा वीज़ा है, यह कब समाप्त होगा और आपके वीज़ा की शर्तें क्या हैं।

यदि आपको VEVO तक पहुँचने में सहायता की ज़रूरत है तो आप Department of Home Affairs को 131 881 पर फोन कर सकते/ती हैं।

वेबसाइट: immi.homeaffairs.gov.au/visas/already-have-a-visa/check-visa-details-and-conditions/overview

☐ क्या आप निजी पहचान दस्तावेज़ों तक आसानी से पहुँच सकते/ती हैं?

क्या आप अपने पासपोर्ट तक आसानी से पहुँच सकते/ती हैं? यदि आपको सहायता की ज़रूरत हो तो आप अपने गृह राष्ट्र के कौंसुलेट या दूतावास से संपर्क कर सकते/ती हैं। किसी वीज़ा आवेदन के समर्थन में हम अन्य निजी दस्तावेज़ भी माँग सकते हैं।

वेबसाइट:

protocol.dfat.gov.au/Public/MissionsInAustralia

☐ क्या आपका खुद का ImmiAccount है?

अपने वीज़ा आवेदन के बारे में इस विभाग से बातचीत करने के लिए अपना खुद का ImmiAccount स्थापित करना महत्वपूर्ण है। यदि आप पार्टनर वीज़ा आवेदक या धारक हैं तो आप अपना विचाराधीन आवेदन किसी भी अन्य ImmiAccount से हटा सकते/ती हैं। ऐसा करने के लिए नीचे दिये गये दोनों काम करें:

- अपना खुद का ImmiAccount स्थापित करें
- ऑनलाइन ImmiAccount Technical Support Form भरकर किसी एजेंट या अपने प्रायोजक स्पोंसर के ImmiAccount से अपने आवेदन को हटाने का आग्रह करें, और अपना आवेदन अपने नये खाते में ट्रांसफर करें।

आपको अपना पासवर्ड भी बदल देना चाहिए।

वेबसाइट: online.immi.gov.au

☐ क्या आपने हमारे पास अपना निजी विवरण अपडेट कर दिया है?

यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास आपका वर्तमान विवरण हो, जैसे कि आपका फोन नंबर और घर का पता या PO box।

आप अपना विवरण अपने ImmiAccount में अपडेट कर सकते/ती हैं या संपर्क/पासपोर्ट विवरण बदलाव फॉर्म भरकर हमें इस बारे में बता सकते/ती हैं। इससे हमारा आपसे पत्राचार सुनिश्चित हो जायेगा।

वेबसाइट: immi.homeaffairs.gov.au/change-in-situation

Australia Post (ऑस्ट्रेलिया पोस्ट) द्वारा घरेलू हिंसा पीड़ितों को अधिकतम 22 महीने के लिए निःशुल्क PO Box उपलब्ध करवाया जाता है ताकि आपको संपर्क में रहने में

याद रखें, यदि कोई गंभीर रूप से घायल हो गया/ई हो या किसी को तुरंत चिकित्सीय सहायता की ज़रूरत हो, यदि किसी का जीवन ख़तरे में हो, या आपने कोई घटना घटित होते देखी हो तो 000 पर फोन करें। ऑस्ट्रेलिया में पुलिस पर भरोसा किया जा सकता है। फोन करने के पैसे नहीं लगते हैं।

सहायता मिले और आपके पत्रों का आप तक पहुँचना सुनिश्चित हो सके।

वेबसाइट: auspost.com.au/receiving/manage-your-mail/redirect-hold-mail/redirect-mail/free-mail-redirection-and-po-boxes

☐ क्या ईमीग्रेशन मामलों में कोई आपकी मदद कर रहा है?

आप ईमीग्रेशन से संबंधित सलाह पाने के लिए सहायता, और यदि ज़रूरत हो तो आपको वीज़ा के लिए आवेदन करने में

☐ क्या आपको हमारी सूचनायें समझने के लिए सहायता चाहिए?

जो लोग अंग्रेजी नहीं बोलते उनके लिए Translating and Interpreting Service (TIS National) द्वारा दुभाषिया सेवायें उपलब्ध करवाई जाती हैं। आप उनसे 131 450 पर संपर्क कर सकते/ती हैं।

वेबसाइट: tisnational.gov.au/

☐ क्या आप ऑनलाइन सुरक्षित रहते/ती हैं?

अपनी निजी सुरक्षा बढ़ाने के लिए आप क्या-क्या कर सकते/ती हैं यह पता लगाने में सहायता पाने के लिए और आप तकनीकी का उपयोग करते/ती रहें और जुड़े/जुड़ी रहें यह सुनिश्चित करने के लिए आप eSafetyकमिश्नर की ऑनलाइन सुरक्षा जाँच-सूची काम में ले सकतेती हैं।

वेबसाइट: esafety.gov.au/key-issues/domestic-family-violence/online-safety-planning/online-safety-checklist

☐ क्या आप रिकॉर्ड रखते/ती हैं?

आपके और दुर्व्यवहार करने या धमकाने वाले व्यक्ति के बीच में जो होता है उसका एक रिकॉर्ड रखना अच्छा रहता है। यदि कभी आपको पुलिस रिपोर्ट करनी हो, एक सुरक्षा ओर्डर लेना हो, या बच्चों का कब्जा माँगना हो तो इसे एक सबूत के रूप में काम में लिया जा सकता है।

महत्वपूर्ण बातों को ईमेल या टैक्स्ट मैसेज से करने से, जो कहा जा रहा है उसका रिकॉर्ड रखने में सहायता मिल सकती है।

सहायता प्राप्त करने में सक्षम हैं। यह महत्वपूर्ण है कि यदि वह व्यक्ति कोई माइग्रेंट एजेंट या लीगल प्रैक्टिशनर है तो वह पंजीकृत है। Department of Home Affairs की वेबसाइट पर पंजीकृत एजेंटों की सूची उपलब्ध है।

वेबसाइट: immi.homeaffairs.gov.au/help-support/who-can-help-with-your-application/overview

यदि आपको माइग्रेशन के बारे में सलाह चाहिए तो विशिष्ट कानूनी सेवा प्रदाताओं से भी निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध है।

वेबसाइट: familyviolencelaw.gov.au/

सुनिश्चित करें कि आप इस रिकॉर्ड को किसी सुरक्षित जगह पर रखें ताकि दुर्व्यवहार करने वाला व्यक्ति उसे प्राप्त या नष्ट न कर सके।

☐ क्या आप COVID-19 से प्रभावित हुए/ई हैं?

यह जानना महत्वपूर्ण है कि COVID-19 से संबंधित किसी भी तरह के प्रतिबंधों के दौरान भी आप पारिवारिक हिंसा से जुड़े किसी भी नुकसान या नुकसान के ख़तरे से बचने के लिए अपने घर या आवास से बाहर जा सकते/ती हैं। विवरण के लिए अपने राज्य/टैरीटोरी की सरकारी वेबसाइट देखें।

वेबसाइट: australia.gov.au/states

☐ यदि आप नौकरी करते/ती हैं, तो क्या आपको अपने कार्य से जुड़े अपने अधिकारों के बारे में मालूम है?

क्या आपको मालूम है कि Fair Work Act के अनुसार सभी नियोक्ताओं के लिए ज़रूरी है कि वे अपने कर्मचारियों को बिना वेतन के घरेलू हिंसा अवकाश लेने और काम करने की लचीली व्यवस्था का आग्रह करने की अनुमति दें। अधिक विवरण के लिए Fair Work Ombudsman की वेबसाइट देखें।

वेबसाइट: fairwork.gov.au/leave/family-and-domestic-violence-leave

यदि आपको टैक्स रिटर्न के पैसे देने या जमा करवाने में सहायता की ज़रूरत है, तो Australian Taxation Office द्वारा कर

सहायतायें उपलब्ध करवाई जाती हैं।

वेबसाइट: ato.gov.au/General/Support-in-difficult-times/Personal-crisis-support/#Familyanddomesticviolence

☐ क्या आपको अपने वित्तीय मामलों में सहायता की ज़रूरत है?

वित्तीय काउंसलरों द्वारा, आपकी वित्तीय स्थिति वापस पटरी पर लाने में आपकी सहायता करने के लिए और ऋण के बारे में आपके विकल्पों पर विचार-विमर्श करने के लिए निःशुल्क, स्वतंत्र और गोपनीय सेवायें उपलब्ध करवाई जाती हैं।

किसी वित्तीय काउंसलर से बात करने के लिए Netional Debt Helpline से 1800 007 007 पर संपर्क करें। यह निःशुल्क हॉटलाइन सोमवार से शुक्रवार, 9:30am से 4:30pm तक खुली रहती है। अन्य साधन और संसाधन National Debt Helpline की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं।

वेबसाइट: ndh.org.au/

☐ यदि आप एक विद्यार्थी हैं, तो क्या आपको उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में मालूम है?

ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा प्रदाताओं को एक ऐसा अध्ययन अनुभव उपलब्ध करवाने पर गर्व है जो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए स्वागतपूर्ण, दोस्ताना और सहायक है।

ऐसी कई तरह की विशेषज्ञ सेवायें हैं जो आपकी सहायता कर सकती हैं।

वेबसाइट:studyaustralia.gov.au/english/live/support-services

☐ क्या आप जानते/ती हैं कि आपको अन्य सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

राष्ट्रीय और राज्य तथा टैरीटोरी स्तर की बहुत सारी घरेलू तथा पारिवारिक हिंसा सहायता सेवायें उपलब्ध हैं।

National Sexual Assault, Domestic and Family Violence Counselling Service के माध्यम से निःशुल्क काउंसलिंग, टेलिफोन पर और ऑनलाइन उपलब्ध है। 1800 737 732 पर फोन करें।

Australian Red Cross द्वारा उन पात्र लोगों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है जो लघुकालीन वीज़ा पर हैं और वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। जानकारी प्राप्त करने के लिए Family and Domestic Violence Financial Assistance Program पर जायें। यदि ज़रूरत हुई, तो वे आपको कानूनी तथा माइग्रेशन सहायता सेवाओं के पास भी भेज सकते हैं।

वेबसाइट: redcross.org.au/get-help/help-for-migrants-in-transition/family-and-domestic-violence-financial-assistance

जब आप दुभाषिया का चिन्ह देखें तो आप अपनी मनपसंद भाषा में बातचीत करने में सहायता के लिए पूछ सकते/ती हैं।